ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **30**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**
**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**
**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/ New Syllabus )**
**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 23. 09. 2020 ] [ Date : 23. 09. 2020
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

I. **निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।**

$8 \times 1 = 8$

1. सल्बाई की संधि से युद्ध समाप्त हुआ था

   (A) द्वितीय एंग्लो-मराठा युद्ध

   (B) द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध

   (C) प्रथम एंग्लो-मराठा युद्ध

   (D) प्रथम एंग्लो-मैसूर युद्ध ।

2. 1938 में, हरिपुर काँग्रेस सम्मेलन के अध्यक्ष थे

   (A) सरदार वल्लभभाई पटेल

   (B) डॉ० बी० आर० अम्बेदकर

   (C) बाल गंगाधर तिलक

   (D) सुभाष चन्द्र बोस ।

3. 1789 की फ्रेंच क्रांति का मुख्य उद्देश्य था

   (A) UNO की स्थापना

   (B) मानवाधिकार की सुरक्षा

   (C) विदेशी आक्रमण को रोकना

   (D) राष्ट्रसंघ की स्थापना ।

4. नर्मदा बचाओ आन्दोलन का नेतृत्व दिया गया था

(A) मेधा पाटेकर द्वारा

(B) डॉ० शिवराम कारंत द्वारा

(C) कुसुम सोरबा द्वारा

(D) सुन्दरलाल बहुगुना द्वारा ।

5. बाल हेल्पलाइन का टेलीफोन नम्बर है

(A) 1098 (B) 1090

(C) 1089 (D) 1097.

6. निम्न में से सही युग्म है

(A) आँधी - पश्चिम बंगाल (B) काल बैशाखी - पंजाब

(C) आम्र वृष्टि - तमिलनाडु (D) कॉफी ब्लॉसम - कर्नाटक ।

7. 2014 में भारत की मानव विकास सूचक थी

(A) 0.586 (B) 0.344

(C) 0.562 (D) 0.856

8. श्वेत क्रांति के जनक हैं

(A) डॉ० प्रताप रेड्डी (B) नारायण मुर्ति

(C) वर्गीस कुरियन (D) अजीम प्रेमजी ।

II. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें :** 8 × 1 = 8

9. 1798 के बाद हैदराबाद प्रांत को एक ब्रिटिश सैन्यदल अपना प्रांत में रखना पड़ा । क्यों ?

10. रामकृष्ण मिशन ( मठ ) की स्थापना क्यों हुई थी ?

11. खाद्य एवं कृषि संगठन ( FAO ) का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

12. कैगा नाभिकीय शक्ति संयंत्र के विरुद्ध प्रतिवाद क्यों किया गया ?

13. लैटेराइट मिट्टी का निर्माण कैसे होता है ?

14. जनसंख्या घनत्व को परिभाषित करें ।

15. देश में प्रति व्यक्ति आय की गणना कैसे होती है ?

16. प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस क्यों मनाया जाता है ?

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक चार बिन्दुओं में दें :** 8 × 2 = 16

17. यूरोपियनों को भारत तक एक नया समुद्र मार्ग खोजने के कारण क्या हैं ?

18. भारत विभाजन के समय से शरणार्थी बहुत बड़ी समस्या हुए । पुष्टि करें ।

19. हमारी परिवर्ती विदेश नीति ने बहुत से मुद्दे को प्रभावित किया । कैसे ?

**अथवा**

सुरक्षा परिषद को क्यों UNO का कैबिनेट के रूप में विचार किया जाता है ?

20. बाल तस्करी बच्चों के समग्र विकास को प्रभावित करती है । कैसे ?

**अथवा**

श्रम विभाजन अधिक उपयोगी होता है । कैसे ?

21. भारत का पूर्वी तटीय मैदान पश्चिमी तटीय मैदान से किस प्रकार भिन्न है ?

22. निम्नलिखित को व्यक्तिगत संचार तथा सामूहिक संचार में वर्गीकृत कर लिखें :

पोस्ट ( पत्र ), टेलीविजन, फैक्स, रेडियो ।

23. सार्वजनिक व्यय के लक्ष्य देश के सर्वतोमुखी विकास का पथ प्रदर्शक है । पुष्टि करें ।

24. बैंक खातों के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखें ।

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों में दीजिए :** $9 \times 3 = 27$

25. ब्रिटिश राजस्व व्यवस्था ने भारतीय कृषि को प्रभावित किया । पुष्टि करें ।

26. तृतीय तथा चतुर्थ एंग्लो-मैसूर युद्ध ने मैसूर के टीपू सुल्तान की ताकत को कम किया । सत्यापन करें ।

**अथवा**

भारतीय संस्कृति तथा राजनीति में एनी बेसेन्ट का योगदान अविस्मरणीय है । सत्यापन करें ।

27. 20 वीं शताब्दी के दौरान चीन कैसे विकास किया ?

28. भारत तथा रूस में मैत्रीपूर्ण संबंध है । वर्णन करें ।

29. हाल के दिनों में अस्पृश्यता की समस्याओं में कमी आयी है । सत्यापन करें ।

30. हाल के वर्षों में वन्य-क्षेत्रों में कमी हुई है । क्यों ?

31. लौह एवं इस्पात उद्योग बहुतायत में उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों में हैं । क्यों ?

**अथवा**

मानवीय क्रियाकलापों के कारण बाढ़ तथा भूस्खलन होते हैं । सत्यापन करें ।

32. पंचायती राज व्यवस्था के मुख्य लक्षणों का उल्लेख करें ।

**अथवा**

मुद्रा के विकास के विभिन्न चरणों का उल्लेख करें ।

33. किसी देश के विकास में भूमंडलीकरण कैसे मदद करता है ?

**अथवा**

किसी देश के आर्थिक विकास में उद्यमी कैसे मदद करता है ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक आठ वाक्यों में दीजिए :** $4 \times 4 = 16$

34. असहयोग आन्दोलन के मुख्य कार्यक्रमों का वर्णन करें ।

35. 1857 के विद्रोह के राजनीतिक तथा प्रशासनिक कारणों का वर्णन करें ।

**अथवा**

स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान उदारवादी राष्ट्रीयता काल का वर्णन करें ।

36. हाल के दिनों में, परिस्थितियाँ महिलाओं को बेहतर उपलब्धि पाने में समर्थन करती हैं । कैसे ?

37. गेहूँ तथा गन्ना की खेती के लिए अनिवार्य आवश्यकताएँ क्या हैं ?

VI. 38. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 4 = 5$

A) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशान्तर

B) नर्मदा नदी

C) भाकरा नांगल परियोजना

D) मुम्बई हाई ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 38 के बदले में )**

बहु-उद्देशीय नदी-घाटी परियोजनाएँ कैसे उपयोगी हैं ? 5